सं. क्यू – 15014/01/2023-सीपीए
भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
(सीपी प्रभाग)
***

**विषय: एनसीआर और आस-पास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए आयोग में एक पूर्णकालिक सदस्य (तकनीकी) और एक पूर्णकालिक सदस्य की नियुक्ति के संबंध में।**

एनसीआर और आस-पास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए आयोग, दिल्ली में एक (1) पूर्णकालिक सदस्य (तकनीकी) और एक (1) पूर्णकालिक सदस्य के चयन एवं नियुक्ति हेतु पात्र उम्मीदवारों से आवेदन – पत्र आमंत्रित किए जाते हैं।

2. एनसीआर और निकटवर्ती क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए आयोग (सीएक्यूएम) का गठन राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और निकटवर्ती क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए आयोग अधिनियम, 2021 के तहत किया गया है। इसके सदस्य पूर्णकालिक पदधारी होंगे।

3. सीएक्यूएम, दिल्ली में पूर्णकालिक सदस्य (तकनीकी) के एक (1) पद के लिए निबंधन और शर्तें निम्नलिखित हैं:-

| क्र.सं. | विवरण | प्रस्तावित शर्तें |
|---|---|---|
| 1 | पद का नाम | पूर्णकालिक सदस्य (तकनीकी) |
| 2 | पदों की संख्या | एक (1) |
| 3 | वेतनमान | 7वें वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स का लेवल – 15, 1, 82,200/- रू. से 2,24,100/रू. |
| 4 | नियुक्ति की पद्धति | माननीय मंत्री पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन की अध्यक्षता में गठित चयन समिति द्वारा अनुशंसा। |
| 5 | निबंधन और शर्तें | पूर्णकालिक सदस्य (तकनीकी) की सेवा की निबंधन एवं शर्तें भारत सरकार की समय-समय यथासंशोधित अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 593 (अ) तारीख 27.08.2021 तथा केंद्रीय सरकार द्वारा यथानिर्धारित ऐसी अन्य शर्तों से शासित होंगी। |
| 6 | अर्हताएं और अनुभव | वायु प्रदूषण से संबंधित मामलों में विशिष्ट ज्ञान और अनुभव होना चाहिए। |

| | | |
|---|---|---|
| 7 | कार्यकाल और आयु सीमा | नियुक्ति की अवधि तीन (3) वर्ष अथवा 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, इनमें से जो भी पहले हो, होगी। |

4. पूर्णकालिक सदस्य, सीएक्यूएम, दिल्ली के एक पद हेतु नियम और शर्तें निम्नानुसार हैं:

| क्र.सं. | विवरण | प्रस्तावित शर्तें |
|---|---|---|
| 1 | पद का नाम | पूर्णकालिक सदस्य |
| 2 | पदों की संख्या | एक (1) |
| 3 | वेतनमान | 7वें वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स का लेवल-15,रु. 1,82,200/ से रु. 2,24,100/- |
| 4 | नियुक्ति की पद्धति | माननीय मंत्री (पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय) की अध्यक्षता में चयन समिति द्वारा अनुशंसा |
| 5 | नियम और शर्तें | पूर्णकालिक सदस्य (तकनीकी) की सेवा के नियम और शर्तें, समय-समय पर यथा संशोधित भारत सरकार की अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 593 (अ) दिनांक 27.08.2021 द्वारा और केन्द्रीय सरकार द्वारा यथा निर्धारित ऐसी अन्य शर्तों द्वारा शासित होंगी। |
| 6 | अर्हताएं और अनुभव | भारत सरकार के संयुक्त सचिव के पद पर कार्यरत हों अथवा कार्य कर चुके हों<br>(सेवानिवृत्त अधिकारी सीधे आवेदन कर सकते हैं)<br>(कार्यरत अधिकारियों को उचित माध्यम से आवेदन करने की आवश्यकता है।) |
| 7 | कार्यकाल और आयु | नियुक्ति की अवधि तीन (3) वर्ष अथवा 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, इनमें से जो भी पहले हो, होगी। |

आवेदन के प्रारूप का विवरण मंत्रालय की वेबसाइट http.// moef.nic.in पर भी उपलब्ध है।

इच्छुक और पात्र उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे अपने आवेदन संलग्न प्रारूप में चार (4) सेटों में निम्नलिखित पते पर प्रेषित करें, ताकि आवेदन अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर 15 मई, 2023 सायं. 5 बजे तक पहुंच जाए।

श्री वेदप्रकाश मिश्रा
निदेशक,
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय,
द्वितीय तल, जल विंग, इंदिरा पर्यावरण भवन,
जोर बाग, नई दिल्ली-110003

टिप्पणी 1:- केन्द्र अथवा राज्य सरकार अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम अथवा विश्वविद्यालय अथवा सरकारी अनुसंधान संस्थान अथवा स्वायत्त या सांविधिक निकाय में कार्यरत अधिकारी अपना आवेदन उचित माध्यम से, अद्यतन वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर)/ वार्षिक कार्य-निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीएआर), डोजियर (ऐसे अधिकारी द्वारा सत्यापित, जो अवर सचिव या उसके समकक्ष रैंक से कम न हों), सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र, लगाई गई छोटी/बड़ी शास्तियों का विवरण, यदि कोई हो, और सतर्कता निकासी प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रतियों के साथ चार (4) सेटों में प्रेषित कर सकते हैं। ऐसे अधिकारियों के मामले में, संबंधित मूल मंत्रालय/विभाग/ संगठन, आवेदन अग्रेषित करने से पहले पूरी तरह से यह सुनिश्चित कर लें कि आवेदन करने वाला अधिकारी, पद के लिए ऊपर दिए अनुसार निर्धारित पात्रता मानदंड पूरा करता है।

टिप्पणी 2: वर्तमान में सरकार में कार्यरत ऐसे अधिकारियों से संबंधित आवेदनों को, जो निर्धारित तिथि के भीतर उचित माध्यम से प्राप्त नहीं होंगे, निरस्त कर दिया जाएगा।

(वेदप्रकाश मिश्रा)
निदेशक,

एनसीआर तथा दिल्ली के आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए आयोग के पूर्णकालिक सदस्य तथा पूर्णकालिक सदस्य (तकनीकी), के पद हेतु आवेदन पत्र

(4 प्रतियों में भेजा जाना है। यदि किसी मद के लिए स्थान की कमी हो तो कृपया अतिरिक्त शीटें/कागज संलग्न करें)

पासपोर्ट
साइज
फोटो

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पूरा नाम (बड़े अक्षरों में) | |
| 2. | जन्म तिथि<br>(दिनांक/माह/वर्ष) | |
| 3. | आयु (आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख को)<br>(वर्ष/माह/दिनांक) | |
| 4. | राष्ट्रीयता | |
| 5. | पत्राचार का पता (ई-मेल के पते सहित) | |
| 6. | स्थायी पता | |
| 7. | दूरभाष और फैक्स नं. (एसटीडी कोड सहित)<br>(कार्यालय/आवास/मोबाइल) | |
| 8. | क्या अ.जा./अ.जन./अ.पि.व. से संबंधित हैं: | |
| 9. | जिस पद हेतु आवेदन किया जा रहा है<br>(पूर्ण कालिक सदस्य<br>अथवा<br>(पूर्णकालिक सदस्य (तकनीकी) | |
| 10. | सरकार में सेवा का ब्यौरा<br>(उपरोक्त शर्तों और निबंधनों की क्रसं. 6 देखें) | |
| 11. | शैक्षणिक योग्यताओं का ब्यौरा (अनुबंध-। के अनुसार) | |
| 12. | नौकरी का रिकॉर्ड (अनुबंध-।। के अनुसार) | |
| 13. | वायु गुणवत्ता से संबंधित मामलों के अनुभव का ब्यौरा, यदि हो तो, (पूर्णकालिक सदस्य (तकनीकी) के | |

| | | |
|---|---|---|
| | पद के लिए आवेदन हेतु अनिवार्य रूप से भरा जाए) | |
| 14. | विशेष अभिरूचि का क्षेत्र (यदि कोई हो) | |
| 15. | प्रतिष्ठित राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशन, यदि कोई हो, | |
| 16. | पुरास्कार/सम्मान, यदि कोई हो | |
| 17. | कोई अन्य प्रासंगिक सूचना | |

**घोषणा**

मैं प्रमाणित करता हूँ कि उपरोक्त जानकारी मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सही और पूर्ण है और कुछ भी छुपाया/तोड़ा-मरोड़ा नहीं गया है। मैं यह प्रमाणित करता हूँ कि मैं इस पद के लिए आवदेन हेतु पात्रता संबंधी मानदंडों को पूर्ण करता हूँ। यदि किसी भी समय यह पाया जाता है कि मैंने किसी महत्वपूर्ण जानकारी को छुपाया है/तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत किया है, तो मेरी नियुक्ति बिना कोई कारण बताए या सूचना दिए बगैर तत्काल समाप्त की जा सकती है।

(अभ्यर्थी के हस्ताक्षर)

दिनांक:
स्थान:

**संगठन/संस्थान के प्रमुख द्वारा (सरकारी/स्वायत्त/सांविधिक/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम आदि के तहत कार्यरत अभ्यार्थियों के संबंध में) आगे भेजे जाने के लिए**

**(उन अधिकारियों द्वारा भरा जाना है जो वर्तमान में सरकार में कार्यरत है)**

...........................................................................................मंत्रालय/विभाग/कार्यालय
श्री/श्रीमती/सुश्री ..............................द्वारा प्रस्तुत किए गए विवरण को सेवा रिकॉर्ड के संदर्भ में सत्यापित कर लिया गया है और उनकी सत्यता प्रमाणित की जाती है।

यह प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त अधिकारी के विरूद्ध कोई सतर्कता मामला न लंबित है और न ही विचाराधीन हैं। उपरोक्त अधिकारी के संबंध में एसीआर/एपीएआर डोजियर और सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र संलग्न हैं।

आगे भेजने से पूर्व आवेदन पत्र के साथ संलग्न किए जाने वाले दस्तावेजों की जांच सूची (अपूर्ण आवेदन अस्वीकार किए जाएंगे)

i. पिछले 5 वर्षों की एसीआर (डोजियर (विधिवत प्रमाणित)
ii. सतर्कता निकासी
iii. सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र
iv. लगाए गए बड़े/छोटे दंडों का ब्यौरा, यदि कोई हो।
v. पूरी तरह से भरे आवेदन की 4 प्रतियां

(अग्रेषण अधिकारी के हस्ताक्षर और पदनाम सहित मुहर)

दिनांक: पता

अनुबंध-I

**शैक्षणिक योग्यताओं का विवरण**

| क्रम सं. | विश्वविद्यालय/बोर्ड/संस्थान का नाम | डिग्री/समकक्ष परीक्षा | डिविजन/प्रतिशत/प्राप्तांक/विशेष | उत्तीर्ण करने का वर्ष | विषय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

अनुबंध-II

**नौकरी का रिकॉर्ड (कालानुक्रम में)**

| क्रम सं. | नियोक्ता का नाम और पता | पदनाम, वेतनमान और क्या नियमित/प्रतिनियुक्ति पर है | कोई भी बड़ा/छोटा दंड लगाया गया है | सेवा की अवधि | | | कार्य की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | से | तक | अवधि (दिन/माह/वर्ष) | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |